**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

-------

## राजभवन की खूबसूरती देख अभिभूत हुये आगन्तुक

## 11 मार्च तक प्रतिदिन आमजन हेतु खुलेंगे राजभवन के उद्यान

लखनऊः 25 फरवरी, 2019

फूलों के मौसम में राजभवन के उद्यान आमजन हेतु खोले जाने के पश्चात् आज प्रथम दिवस में आगुन्तकों ने उद्यानों का भ्रमण किया तथा जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल श्री राम नाईक द्वारा आमजन हेतु राजभवन उद्यान प्रतिदिन 3.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक खोले जाने की घोषणा की पश्चात् आज प्रथम दिवस पर राजभवन पहुंचकर बड़ी संख्या में लोगों ने अपना उत्साह प्रकट किया।

राजभवन आने वाले आगुन्तकों ने मुख्य प्रांगण के समक्ष स्थित सफेद संगमरमर की बारादरी, मुख्य भवन के समीप लाॅन में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के आकार के सुन्दर फव्वारे, गुलाब वाटिका, कैक्टस हाउस तथा विभिन्न प्रकार के दुर्लभ औषधीय पौधों की धन्वन्तरि वाटिका और राजभवन के उद्यान देखें। आगुन्तक राजभवन की हरियाली एवं शांत वातावरण को देख अभिभूत हुये तथा अपने परिजनों सहित फोटोग्राफी भी की।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने फूलों के मौसम में राजभवन के उद्यान को आम आगन्तुकों के लिये दिनांक 25 फरवरी से 11 मार्च, 2019 तक प्रतिदिन अपरान्ह 3.30 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक खोले जाने के निर्देश दिये हैं। राजभवन में प्रवेश करने के लिये सुरक्षा की दृष्टि से आगन्तुकों को अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाने के पश्चात् ही आगुन्तक राजभवन के गेट नं0 3 (तोप वाले गेट के बगल) से प्रवेश कर सकेंगे।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (74/37)









